हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025

04 आरोन में आमजन से मिले नवनियुक्त...



07 अशोकनगर में नई-नई रिलीज फिल्मों के शौकीनों को मनोरंजन के...





## समाचार संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का भ्रमण कार्यक्रम

**गुना ।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 23 एवं 24 अगस्त को गुना जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 23 अगस्त को अशोकनगर से प्रस्थान कर शाम 04:30 बजे पीएम श्री नवोदय विद्यालय बजरंगगढ में राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें। कार्यक्रम पश्चात शाम 06 बजे से शाम 07:30 बजे तक गुना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पश्चात सर्किट हाऊस गुना में रात्रि विश्राम करेगें।
24 अगस्त रविवार को केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 10:15 बजे से सर्किट हाउस गुना से प्रस्थान कर प्रातः 11:45 बजे बमोरी और फतेहगढ में बाढ़ प्रभावित ग्रामों का निरीक्षण करेंगे।

### पर्यावरण की रक्षा हेतु देवेंद्र सिंह हल्के ने कदम का पेड़ लगाया



**आरोन ।** एक पेड़ मां के नाम संकल्प के अनुसार पर्यावरण की रक्षा हेतु भारत माता के सच्चे सपूत योग दृष्टा 145 करोड़ भारतीयों के दिलों में राज करने वाले प्रधानमंत्री के आव्हान पर संकल्प सिद्धि हनुमान मंदिर बालाजी धाम आश्रम गुना रोड पर आश्रम के सेवक हल्के नेताजी द्वारा कदम का पेड़ लगाकर धरती मां को हर-भरा करने के संकल्प के तहत 75 पेड़ और भी लगा चुके हैं ।

### निशुल्क अस्थि रोग परीक्षण एवं परामर्श शिविर आज

**गुना।** सेवा भारती के तत्वावधान में चांडक हॉस्पिटल ग्वालियर के सहयोग से निःशुल्क अस्थि रोग परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 अगस्त, शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रेड क्रॉस भवन, गुना (अस्पताल प्रांगण) में आयोजित होगा।शिविर में ग्वालियर के प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध चांडक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। साथ ही बोन मैरो डेंसिटी परीक्षण की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे हड्डियों की कमजोरी का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाया जा सके।शिविर का शुभारंभ दिनांक 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे नर्मदा शंकर भार्गव, प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज तथा आशीष मंगल, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी.जी. कॉलेज गुना के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा।सेवा भारती ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### बलवंत नगर में होगा गीता स्वाध्याय

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम महावीर पुरम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा प्रति शनिवार को किया जाने वाला गीता स्वाध्याय दिनांक 23/08/25 शनिवार को शाम पांच बजकर तीस मिनट पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर अटल पार्क में आयोजित किया गया है जिसमें अध्याय दो के बारह से लेकर बाईसवे श्लोकों तक का स्वाध्याय किया जायेगा पुरम के मीडिया प्रभारी उमाशंकर भार्गव ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में गुनिया नदी के पुनर्जीवन एवं पानी के निकासी के लिए कार्रवाई सतत रूप से जारी






**गुना ।** गुनिया नदी के पुनर्जीवन हेतु जिला प्रशासन द्वारा गोपालपुरा एवं सिंगवासा से निकलने वाली गुनिया नदी एवं ओडिया नदी के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।इसी क्रम में कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा गठित दलों द्वारा आज भगतसिंह कॉलोनी में संस्कार स्कूल के अतिक्रमण कर बनाई बाउंड्रीवॉल को हटाया जेसीबी की मदद से हटाया गया। संधु लैंड मार्क के पास किये गये अतिक्रमण को भी हटाया गया। साथ ही गोपालपुर शमशान घाट के पीछे डीपी के पास वाली अवैध पुलिया को पोकलेन मदद से तोडा.गया। इसी प्रकार आज कैंट क्षेत्र में पटेल नगर के पास गुनिया नदी के चौडीक़रण एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। आज इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डे, प्र.सीएमओ मंजुषा खत्री, तहसीलदार गुना जीएस बैरवा सहित नगर पालिका, उद्यानिकी, कृषि विभाग की टीम उपस्थित रही।कलेक्टर श्री कन्याल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि गुनिया नदी का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम आज इस जनहित के कार्य में सहयोग करेंगे तो भविष्य में बाढ़ जैसी आपदाओं से बचा जा सकेगा। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा जताई।

# 48 घंटे से जारी है रुक-रुककर झमाझम बारिश का दौर



**लगातार बारिश से नदी-नाले फिर उफान पर आने से कई रास्ते बंद हो गए हैं। वहीं निचले इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो सकती है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अगस्त का एक पखवाड़ा लगभग सूखा बीत जाने के बाद बारिश का सिस्टम जिले में फिर सक्रिय हो गया है और लगातार बारिश हो रही है। बुधवार, गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी रूक-रूककर बारिश का सिलसिला दिनभर जारी रहा। इधर लगातार बारिश से नदी-नाले फिर उफान पर आने से कई रास्ते बंद हो गए हैं।

वहीं निचले इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो सकती है। जिले में 1 जून से अब तक 1255.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 119.1 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 855.5 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 21 अगस्त्य प्रात 800 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1592.1 मिलीमीटर, बमौरी में 1406.4, आरोन में 1030.0, राघौगढ़ में 1120.0, चांचौड़ा में 1180.0, कुम्भराज में 1107.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र । मक्सूदनगढ़ में 1349.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्रेम प्रसंग का मामला होने की जताई जा रही आशंका

# नानाखेड़ी क्षेत्र में 4 लोगों ने मिलकर कर दी युवक की बेरहमी से हत्या

**राहगीरों ने जब सड़क किनारे पड़े युवक को लहुलुहान देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।परिजनों ने आरोपियों को फांसी की सजा देने एवं इनके अवैध कब्जों व प्रापर्टी की जांच कर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


कैंट थाना अंतर्गत नानाखेड़ी मंडी क्षेत्र में एक युवक की घातक हथियारों से हमला करके हत्या कर दी गई। घटना बीती रात की है। राहगीरों ने जब सड़क किनारे पड़े युवक को लहुलुहान देखा तो पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान अनिल करोसिया (32) निवासी कर्नलगंज के रुप में हुई है। जिला अस्पताल में सुबह युवक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। शुरुआती



जानकारी के मुताबिक हत्या चार लोगों ने मिलकर धारदार हथियारों से की है। सूत्रों ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को उठाया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। इधर परिजनों ने कर्नलगंजनिवासी चार नामजद सहित अन्य लोगों पर हत्या के आरोप लगाऐ हैं। मृतक के भाई ने बताया कि पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा है वहीं कुछ फरार हो गये हैं। परिजनों ने आरोपियों को फांसी की सजा देने एवं इनके अवैध कब्जों व प्रापर्टी की जांच कर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि परिजन हत्या के पीछे कोई कारण नहीं बता पाए हैं।

पुरानी रंजिश होने की भी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों का कहना है कि प्रेम प्रसंग के चलते चार लोगों ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस मामले में संदिग्धों से पूछताछ कर रहीं है।




## मानदेय बढ़ाने पार्षदों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश के नगर नगर पालिका और नगर पंचायत के पार्षदों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा ।

इसी तारतम में गुना नगर पालिका के पार्षदों ने भी जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को ज्ञापन दिया ज्ञापन में मांग की गई है कि उनका मानदेय बढ़ाया जाए साथ ही नगर निगम में जो पार्षदों के लिए वार्ड विकास के लिए एक राशि निश्चित की जाए। जिससे कि वह अपने वार्ड के छोटे-छोटे करने के लिए पहल कर सके ज्ञापन में यह भी मांग रखी है कि मध्य प्रदेश सरकार ने अध्यक्ष के लिए अब विश्वास प्रस्ताव की 3 साल की समय सीमा तय की है उसे नहीं बढ़ाया जाए । ज्ञापन सौंपने वालों में नगर पालिका गुना के उपाध्यक्ष धर्म सोनी नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ट के साथ ही कई पार्षद मौजूद थे।

## दो दिन बाद महिला की मौत, जन्म के बाद नवजात ने भी तोड़ दिया था दम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

उमरी क्षेत्र के एक गांव में घर पर डिलीवरी के बाद पहले नवजात और दो दिन बाद प्रसुता की मौत हो गई। बारिश के चलते सड़कों पर भरे पानी और रास्ते बंद होने के कारण न एंबुलेंस गांव पहुंची और न परिजन उसे समय रहते अस्पताल पहुंचा पाए।


जानकारी के अनुसार उमरी के गाखर खेड़ा गांव निवासी रीना पत्नी भगवान सिंह पटेलिया गर्भवती थी। मंगलवार रात को दर्द शुरू हुआ तो परिजनों ने एंबुलेंस को फोन लगाया। लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस बीच रात में उसकी घर पर डिलेवरी हो गई। लेकिन जन्म के कुछ समय बाद नवजात बच्ची ने दम तोड़ दिया। इधर रीना की तबियत भी बिगड़ने लगी। लेकिन बुधवार और गुरुवार को लगातार हुई बारिश के चलते परिजन उसे अस्पताल नहीं पहुंचा पाए। गुरूवार रात को जब पानी रूका तो परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया है।

## ड्राइवर दारू पीए मिले न बसें ओवरलोड मिलीं

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहनों से वसूला 38,300 रुपये का जुर्माना**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालकों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। 21 अगस्त को चार घंटे की मैराथन चेकिंग में 38,300 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। शहर में 12 ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा पर भी 6,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।




पुलिस का यह अभियान सड़क सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जारी रहेगा।जिले में यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 अगस्त की शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक जिले के सभीथाना और चौकी क्षेत्रों में मैराथन वाहन चेकिंग की गई।

### इन पर हुई कार्रवाई

शहर में बिना टीपीनंबर या पुराने टीपी नंबर वाले 12 ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा पर कार्रवाई कर 6,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

रात में चलने वाली यात्री बसों के चालकों का एल्कोहल टेस्ट किया गया, जिसमें आश्चर्यचकित करने वाली बात सामने आई की कोई भी चालक नशे की हालत में नहीं पाया गया। और तो और आमतौर पर ओवरलोडेड मिलने वाली बसों में सवारियों की संख्या भी निर्धारित सीमा में पाई गई।

## गायत्री शक्ति पीठ गुना पर कार्यकर्ता कौशल श्राद्ध संवधर्न शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अखिल विश्व गायत्री शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्ति पीठ गुना पर 04 दिवसीय जिला स्तर पर कार्यकर्ता कौशल संवर्धन शिविर चल रहा है जिसमें मध्यप्रदेश प्रान्त प्रशिक्षण प्रभारी डॉ रमेश अभिलाषी व हरि शंकर जोशी शिक्षक प्रशिक्षक और स्थानीय समन्वयक नारायण प्रसाद शर्मा ,जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रजापति, प्रमुख ट्रस्टी पी. एस चौहान, व्यवस्थापक ओ.पी श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रचलित कर शिविर का शुभारंभ किया सबसे पहले स्वागत गीत श्री मति वामदेव राठौर,श्रीमती ज्ञान देवी नामदेव द्वारा स्वागत गीत दिया गया इसके पश्चात शिविर में पधारे प्रशिक्षक का स्वागत किया गया । जिले के युवा प्रकोष्ठ समन्वयक सुनील सेन बताया है कि यह कार्यकर्ता शिविर 21 से प्रारंभ होकर 24 अगस्त तक सुबह 08 बजे से शाम 07 बजे तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें गुना जिले से पधारे 100 परिजन समलित होकर कार्यकर्ता कौशल श्राद्ध संवर्धन शिविर में कर्म काण्ड, प्रवचन, डापली वादन संगीत गायन ,योग आदि पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण ले रहे है ।




## युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 अगस्त को गुना में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 28 अगस्त को जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा।

### गुना जिले की व्यवस्थाओं से देश भर के आए प्रतिभागी

# जवाहर नवोदय विद्यालय गुना में शुरू हुई राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**बारिश के कारण नवोदय विद्यालय गुना के बास्केटबाल खेल मैदान के अतिरिक्त उत्कृष्ट विद्यालय गुना के बास्केटबाल कोट में भी मैच आयोजित कराए गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ, गुना में राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिताएँ चल रही है। दिनाँक 22 अगस्त 2025 को U-17 बालिका ग्रुप में चण्डीगढ ने लखनऊ को 19 -18 से परास्त किया, पुणे ने जयपुर को 34-31 से परास्त किया, एवं पटना ने हैदराबाद को 27-18 से परास्त किया। U-19 बालिका ग्रुप में भोपाल ने हैदराबाद को 27-04 से हराया, जयपुर ने चण्डीगढ को संघर्षपूर्ण मैच में 24-23 से परास्त किया, शिलौंग ने पुणे संभाग को 11-07 से परास्त किया। दिनाँक 22 अगस्त 2025 को U-17 बालक ग्रुप में चण्डीगढ ने शिलाँग को 57-28 से परास्त किया, लखनउ ने जयपुर को 39-32 से परास्त किया। U-19 बालक ग्रुप में भोपाल ने शिलाँग को 44-27 से हराया, पुणे ने पटना को संघर्षपूर्ण मैच में 36-35 से परास्त किया, पुणे ने हैदराबाद को 44-25 से परास्त किया। बारिश के कारण



नवोदय विद्यालय गुना के बास्केटबाल खेल मैदान के अतिरिक्त उत्कृष्ट विद्यालय गुना के बास्केटबाल कोट में भी मैच आयोजित कराए गए।

नवोदय विद्यालय गुना के खेलकूद शिक्षिका श्रीमती ममता तोमर एवं आशुतोष अग्रवाल के द्वारा राष्ट्रीय बास्केटबाल खेलकूद प्रतियोगिताओं की सारी व्यवस्थाओं का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से किया गया है। गुना जिले की व्यवस्थाओं से देश भर के आए हुए प्रतिभागी एवं उनके साथ आए हुए शिक्षक पूर्ण तरह से संतुष्ट होते हुये उन्होंने विद्यालय प्रशासन की सराहना की गई। विद्यालय के मैस प्रभारी श्रीमती स्वाति मिश्रा, एवं योगेन्द्र नागर के द्वारा समस्त प्रतिभागियों के लिए स्वादिष्ट भोजन आदि की व्यवस्थाएँ की गई । सहायक आयुक्त भोपाल संभाग डी के सिंह, एवं प्राचार्य एच के मीना, एस एन पुखार, प्राचार्य रतलाम, केके कटियार, प्राचार्य श्योपुर, एवं राजेन्द्र सिंह शेखावत, उपप्राचार्य नीमच ने बास्केट बाल कोट पर उपस्थित रहकर समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। सहायक आयुक्त सिंह, प्राचार्य मीना के द्वारा खेलकूद से संबंधित सारी व्यवस्थओं पर नजर रखी जा रही है, जिससे प्रतियोगिताएँ सुचारू रूप से संचालित हो सके।

समाचार संक्षेप

## दुबे परिवार में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे विधायक जयवर्धन सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर के बर्ड क्रमांक 4, खेड़ापति मोहल्ला निवासी अवनेश दुबे के छोटे भाई राजेंद्र दुबे उर्फ़ राजू का विगत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इस दुखद समाचार पर क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पर पहुंचे।विधायक सिंह ने स्व. राजू दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुबे परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में वे हर समय परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने परिजनों को हिम्मत बनाए रखने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर कांग्रेसजनों की भी उपस्थिति रही।

## स्मारिका सारथी के राघव कीर्ति विशेषांक की प्रतियां भेंट की



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

साकोन्या गांव में घुमन्तू, अर्ध घुमन्तू एवं कंजर समाज सम्मेलन में जिला कलेक्टर , जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी से शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ के मार्गदर्शक जे.पी.भार्गव के नेतृत्व में शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ के अध्यक्ष आर बी सिंह परिहार , सचिव ए एस खान , संगठन सचिव बी एल सेन के द्वारा सौजन्य भेंट कर राघौगढ़ में पेंशनर संघ के इतिहास के साथ राघौगढ़ के प्राचीन इतिहास की जानकारी देते हुए संघ की स्मारिका सारथी के राघव कीर्ति विशेषांक की प्रतियां भेंट की गईं । जिलाधिकारी महोदय द्वारा इसकी प्रशंसा करते हुए स्मारिका की डाक्यूमेंट्री बनाने की अनुमति दी गई जिसका प्रदर्शन जिला स्तर पर तहसीलदार अमित कुमार सोनी के नेतृत्व में किया जाएगा। तहसीलदार ने पेंशनर संघ राघौगढ़ को बधाई शुभकामनाएं दी।

### समस्याओं के त्वरित निराकरण का दिया आश्वासन

# आरोन में आमजन से मिले नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह







हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह शनिवार को आरोन सर्किट हाउस पहुँचे जहाँ उन्होंने क्षेत्र के आमजन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की।

इस दौरान लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ व आवेदन विधायक सिंह को सौंपे।कई परिवारों ने एडमिशन फीस और इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की, जिन पर विधायक सिंह ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वही ग्रामीणजनों ने गौशाला निर्माण को लेकर भी आवेदन सौंपा। इस पर विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि "जब 2018 में कांग्रेस की सरकार थी और कमलनाथ जी मुख्यमंत्री बने थे, तब प्रत्येक पंचायत में गौशाला खोलने का निर्णय लिया गया था। अनेक गौशालाएँ बनीं और कुछ आज भी संचालित हैं, लेकिन पर्याप्त फंड न मिलने से संचालन प्रभावित हो रहा है।"किसानों ने विधायक के सामने मक्का की फसल गलने से हुए नुकसान की समस्या भी रखी और मुआवज़े की मांग की।

इस पर उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवज़ा दिलाने के निर्देश दिए। वहीं, लोगों ने बिजली बिल की समस्याएँ भी बताईं, जिन पर विधायक ने शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।


विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि "जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल सोनी रामबाबू शर्मा नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन पार्षद मूलचंद भोरे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस महावीर सिंह देवरी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलला यादव शिवकुमार उपरिंग योगेश शर्मा हीरालाल अहिरवार तीरथ सिंह पार्षद रामेश्वर साहू पार्षद मंटू जैन पार्षद बृजमोहन सिंह यादव पार्षद हिम्मत सिंह कुशवाह बंटी राजपूत प्रमोद कुमार साहू डाक्टर नीलेश जैन सचिन उपाध्याय कमल सिंह प्रजापति फारुख बेग लोकेंद्र सिंह रघुवंशी हरवीर सिंह रघु मनोज ओझा सहित सभी पार्षद नगर के सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे विधायक सिंह के प्रवास का प्रमुख कार्यक्रम सिविल अस्पताल आरोन में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक रहा। इस दौरान बीएमओ डा. केएन भीलवारे अन्य अधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने नए अस्पताल भवन का निरीक्षण किया और मरीजों से शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई और अतिरिक्त सुविधाओं की मांग रखी गई। विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों की सुविधा होनी चाहिए। आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों के लिए मुनि श्री दुर्लभ सागर देंगे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

आरोन क्षेत्र के सभी छात्र छात्रा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए आरोन में रविवार 24 अगस्त को दोपहर में 3 बजे स्थानीय बड़ा जैन मन्दिर स्थित संत नियम सागर भवन में मार्गदर्शन के रूप में एक विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया जा रहा है। जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय प्रवक्ता एवं चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा एवं मोनू ने बताया कि जैन मुनि दुर्लभ सागर महाराज द्वारा आरोन में चातुर्मास एवं बर्षायोग के दौरान सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं एवं विभिन्न प्रकार से मार्गदर्शित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में क्षेत्र के सभी धर्म एवं सम्प्रदाय के विद्यार्थियों के लिए जीवन में सफल होने के मूलमंत्र के उद्देश्य से आशीर्वचन प्रदान किए जाएंगे। इन आशीर्वचनों में ३विद्यार्थी किस प्रकार अपना आत्मविश्वास बढ़ाएं,किस प्रकार नोट्स बनाएं,किस प्रकार कम समय में अधिक याद करें,किस प्रकार बिना थके अधिक समय तक अध्ययन करें,किस प्रकार स्मरण शक्ति को बढ़ाएं,अनेक प्रकार से विषय को याद करने के तरीके क्या हो सकते हैं।इन मुख्य बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। जैन समाज अध्यक्ष श्री विजय डोडिया एवं चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष मिंटूलाल जैन ने सभी छात्र छात्राओं से मुनि श्री द्वारा दिए जाने वाले इस विशेष शैक्षणिक मार्गदर्शन का लाभ उठाने की अपील की है।



## एफडीडीआई में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) गुना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल को एफडीडीआई की कार्यकारी निदेशक मंजु 'मन' के प्रेरणा से और सशक्त रूप दिया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना की सचिव वंदना त्रिपाठी, जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी, एफडीडीआई गुना के सेंटर इंचार्ज जितेन्द्र गुप्ता, एफडीडीआई नोएडा की चीफ़ फैकल्टी रेनू शर्मा, सहायक प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा, वरिष्ठ संकाय राहुल कुमार पांडेय सहित संस्था के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एफडीडीआई गुना के संयुक्त प्रयास से परिसर में वृक्षारोपण किया गया। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में लगभग 700 वृक्ष परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगाए जाएंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन के लिए ऑक्सीजन के साथ-साथ पर्यावरण को संतुलित रखने, जल संरक्षण, जैव-विविधता को बचाने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## क्षय रोग परीक्षण व एड्स जागरूकता शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला कलेक्टर के निर्देशन एवम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के मार्गदर्शन में अनुसूचित एवम जनजातिय शासकीय बालक जिला स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास नानाखेड़ी में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोग परीक्षण एवम जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी छात्रों को क्षय रोग एवम जिले में चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एड्स के बचाव,उपचार की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को टीबी मुक्त जिला बनाने हेतु शपथ दिलवाई गई इसके उपरांत समस्त छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ अनुराग जैन जिला क्षय अधिकारी द्वारा किया गया जिसमे कुछ छात्रों में सामान्य सर्दी ,खांसी,बुखार पाया गया जिनको छात्रावास में ही दवाई उपलब्ध करवाई गई संभावित छात्रों के एक्स-रे और खंखार सेम्पल जांच हेतु आईसीएमआर के डॉ पीयूष कुमावत एवम उनकी टीम द्वारा एकत्रित किये गए शिविर में जिला क्षय केंद्र से राकेश शर्मा , छात्रावास अधीक्षक विनोद रघुवंशी उपस्थित रहे।

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत द्वितीय दिवस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशनुसार आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आज द्वितीय दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला संयोजक श्री बी.सिसोदिया ने बताया इस अभियान में जनजातीय वर्ग के उत्थान हेतु पाँच विकास खण्डों के 30 लोगों को मास्टर ट्रेनर हेतु 5 C.S. O. के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। जो ग्रामीण स्तर पर जाकर जनजातीय उत्थान हेतु कार्य योजना तैयार करेंगें। इस कार्यक्रम में तीन कैडर तैयार किये जा रहे है, आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी, जो जनजातीय वर्ग के अंतिम छोर पर लोगों की मदद करेंगे। जिसमें जनजातीय वर्ग को समस्त प्रकार की शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाएं मुहैया हो सके। इस अभियान में मुख्य रूप से जलजीवन मिशन, स्वास्थ्य विभाग वन विभाग, महिला एवं वाल विकास को समिल्लित किया गया है।आज इन प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में महेश अहिरवार (पी.एस.ई. इन्जीनियर) भोपाल से इस प्रशिक्षण में सम्मलित होकर प्रशिक्षण की रूप रेखा को परखा एवं अपने उद्बोधन से सभी को ऊर्जा प्रदान की।

राघौगढ़। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत उपयोगित जल प्रबंधन परियोजना योजना अंतर्गत एसटीपी निर्माण हेतु स्थल चयन के लिए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर विजय कुमार साहू,मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव , पटवारी उमेश श्रीवास्तव भ्रमण किया गया।



## पिछले 24 घंटों में चंदेरी में 26 और अशोकनगर में 12 मिलीमीटर वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में पिछले 24 घण्टों में चन्देरी में 26 और अशोकनगर में 12 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा का दौर लगातार जारी है जिले में शुक्रवार को पूरे दिन रिमझिम वर्षा होती रही। जिले में लगातार वर्षा का दौर चलने के कारण मौसम में ठण्डक आ गई है।

अगर अशोकनगर तहसील की बात करें तो पिछले 24 घण्टों में यहां 12 मिलीमीटर वर्षा होने के बाद यहां अब तक 850 मिलीमीटर औसत वर्षा को देखते हुए 921 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 1058 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 108.35 हो गया है। जिले भर में सबसे कम वर्षा अशोकनगर तहसील में हुई है। चंदेरी तहसील में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है यहां अब तक 1381 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। पिछले 24 घण्टों में यहां 26 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गतवर्ष यहां 1154 मिलीमीटर हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 138.10 है। अगर ईसागढ तहसील की बात करें तो यहां पिछले 24 घण्टों में 8 मिलीमीटर वर्षा हुई है यहां 878 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है अब तक यहां 1226 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 932 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जो कुल वर्षा का 139.64 प्रतिशत है। अगर मुंगावली तहसील की बात करें तो यहा पिछले 24 घण्टों में यहां पर 8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। यहां 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है। इस वर्ष यहां 1384 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गतवर्ष यहां 1458 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां 173.00 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। यानी यहां 73 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है जो सभी तहसीलों से ज्यादा है। जिले में अब तक औसत 882 मिलीमीटर वर्षा की तुलना में अब तक 1228 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गतवर्ष 1214 मिलीमीटर वर्षा हुई थी गतवर्ष से 14 मिलीमीटर वर्षा ज्यादा हो चुकी है।

## एसडीईआरएफ होमगार्ड की टीम ने तुलसी सरोवर पार्क अशोकनगर में मॉकड्रिल का आयोजन किया


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अशोकनगर के तत्वाधान में एस.डी.ई.आर.एफ. होमगार्ड की टीम द्वारा तुलसी सरोवर पार्क अशोकनगर में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बाढ़ बचाव,फायर सेफ्टी,सर्पदंश,सचेत एफ से संबंधित मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य टीम का निरंतर व सतत अपने कार्यो में तकनीकी रूप से कुशलता को बढाना है,जिससे टीम त्वरित रूप से अपने उत्तरदायित्व को सफलतापूर्वक कर टीम में एवं जनता को विश्वास बढाना है।

### नाव को पलटने का दृश्य रखा

बाढ़ बचाव मॉकड्रिल में एक नाव को पलटने का दृश्य रखा गया एवं वहां पहले से तैनाव एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम के जवानों द्वारा अपनी वोट से पहुंचकर डूब रहे व्यक्तियों को बचाया। वोट को सीधाकर सुरक्षित किया। घायल हुए व्यक्तियों को रेस्क्यू कर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। साथ ही बोतलो,खाली कन्स्टर ,मटका आदि घरेलू सामग्रियों से इम्प्रोवाइज्ड



फ्लोटिंग एड तैयार कर बचाव करने का तरीका बताया गया। बाहर से रस्सी व ट्यूब लाईफ सामग्रियों से डूब रहे व्यक्तियों को बचाने का तरीके का प्रदर्शन किया गया। मॉकड्रिल के साथ ही बचाव राहत कार्यो में उपयोग आने वाले उपकरणों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर टी.एन.सिह,राहत प्रभारी डिप्टी कलेक्टर इसरार खान,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी अशोक गुप्ता,पुलिस,नगरपालिका व अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक कमाण्डेट होमगार्ड राघवेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में प्लाटून कमाण्डर आशीष ऋषीशर,हवलदार शशिकपूर एवं होमगार्ड व एस.डी.ई.आर.एफ. के जवानों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शिक्षिका की मृत्यु के साढ़े तीन वर्ष बाद भी अर्जित अवकाश, नकदीकरण की राशि का भुगतान नहीं

**अशोकनगर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में पदस्थ रहीं उच्च क्षेणी शिक्षिका अंजू लता जैन का स्वर्गवास 27 दिसम्बर 2021 को हो गया था। उसके बाबजूद साढ़े तीन वर्ष का लम्बा समय व्यतीत होने के बाद भी उनके अर्जित अवकाश का नगदीकरण नहीं हुआ है जिसे लेकर उनके पति महेन्द्र कुमार जैन लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को एक पत्र भी लिखा है और कहा गया है कि उक्त प्रकरण कन्या स्कूल के प्राचार्य एवं बीईओ अशोकनगर के संज्ञान में है, जिस पर तत्काल प्रभाव से निर्णय लिया जाए। इस संबंध में महेन्द्र कुमार जैन का कहना है कि वह साढ़े तीन वर्ष से लगातार विभागों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन आज तक अर्जित अवकाश नगदीकरण नहीं हुआ है। वह सभी अधिकारियों को अनेकों बार लिखित एवं मौखिक रूप से निवेदन कर चुके हैं परन्तु आज तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा है उनकी पत्नी की सेवा पुस्तिका जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गणक के पास है।

### पंच परिवर्तन अपनाना होगा तब समाज में परिवर्तन आएगा

# विहिप ने स्थापना दिवस का कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम प्रत्येक खंड और मोहल्ला में किये जा रहे हैं बाल्मिक मंदिर में स्थापना दिवस कार्यक्रम रखा गया। बाल्मिक समाज के अध्यक्ष राकेश बालू ने हिंदू समाज की रक्षा का संकल्प दिलवाया। विश्व हिंदू परिषद डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि समरसता समाज बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति होना चाहिए। हमें पंच परिवर्तन अपनाना होगा तब समाज में परिवर्तन आएगा। श्री तार वाले बालाजी मंदिर मोहल्ला समिति शिवाजी खंड में विश्व हिंदू परिषद् का 61वां स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

स्थापना दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत अर्चक मठ मंदिर प्रमुख डॉ .दीपक मिश्रा ने संगठन के 60 साल शुरुआत से लेकर आज तक की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जिसमें अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर आंदोलन, धर्मांतरण धर्म परिवर्तन, गौमाता की रक्षा,, हिन्दू बहिन बेटियों की रक्षा हेतु संगठन संकल्पित है।

हिंदू समाज को भी संगठित होकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कंधे से कंधा मिलाकर संकट के समय साथ देना चाहिए । तभी हम अपने परिवार को और आने वाली पीढ़ी को बचा पाएंगे। इसके पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ बहमनाद ॐ ध्वनि से प्रारम्भ करते हुए समापन मंत्र के साथ समापन किया। अंत में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के पाठ और संगठन के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महिला जिला उपाध्यक्ष संतोष चंदेल ने स्थापना दिवस बौद्धिक पत्रक का वाचन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश चंदेल, नगर गौसेवा प्रमुख विनय आदिवासी, बालाजी मंदिर समिति उपाध्यक्ष राजीव पचौरी, हरिमोहन गुप्ता, पूर्णिमा माथुर, मेहरबान यादव, मिनी गुप्ता, जगदीश सोनी, पुजारी रमेश जी पाराशर, छोटे पुजारी शिव मिश्रा, जयंत नामदेव सहित समस्त आरती मंडल और विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर को भेंट की भगवान श्री गणेश की पेंटिंग

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा को आज आंशिक रूप से दिव्यांग दो भाई-बहन द्वारा भगवान श्री गणेश की पेंटिंग बनाकर भेंट की गई। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता भी मौजूद रहें। शहर के वार्ड क्रमांक 07 निवासी इश्तियाक खान के दोनो बच्चें शबा और नीलू को पेंटिंग का शौक है और वे विभिन्न प्रकार की पेंटिंग बनाते है, वर्तमान में गणेश चतुर्थी के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए दोनो बच्चों ने भगवान श्री गणेश की पेंटिंग बनाकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को भेंट की गई, इसके साथ ही उन्होने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कलेक्टर अर्पित वर्मा की अपने हाथो से बनाई पेंटिंग भी भेंट की। उल्लेखनीय है कि शबा और नीलू जन्म से ही आंशिक रूप से मूकबधिर है तथा पेंटिंग में रूचि रखते है।

**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI ARON**
**Distt. GUNA**
**No. 270/Mandi/Nirman/25-26 Aron, Dated: 21.08.2025**
**// NOTICE INVITING TENDER //**
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for: Internal Cement Concrete work at Mandi yard Aron STN: 2025_MPSAM_446302 (PAC amount Rs. 101.94 Lakh). The following works Tender to be received online up to 17:30 on17.09.2025. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in
Note: Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction /Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in & http://mptenders.gov.in
Secretary

## खबर संक्षेप



### नवागत अपर कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

**अशोकनगर।** नवागत अपर कलेक्टर डीएन सिंह ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर में उपस्थित होकर अपर कलेक्टर अशोकनगर के पद पर पदभार ग्रहण कर लिया है। ग्वालियर से स्थानांतरित होकर यहां अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ हुए है।

### गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण पर लगा जुर्माना

**अशोकनगर।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रतिभा गैस एजेंसी कदवाया अनुभाग ईसागढ द्वारा गैस सिलेण्डर के अवैध भण्डारण एवं अवैध परिवहन के संबंध में जप्तशुदा वाहन एवं सिलेण्डर राजसात कर जुर्माना राशि 6,91,984 रूपये अधिरोपित की गई। प्रतिष्ठान विकास नमकीन एण्ड स्वीट्स अशोकनगर पर पाये गये घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक रूप में प्रयोग करने के संबंध में गैस सिलेण्डर राजसात कर जुर्माना राशि 2,18,250 रुपये अधिरोपित की गई।

### जमारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी सुधावाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति गोपाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जंघार निवासी जोतिष लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### महुअन के स्टाप डैम में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम महूअन निवासी रिंकू पुत्र प्रकाश लोधी उम्र 25 साल की स्टाप डैम के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### युवक ने पेड़ से तोलिया बांधकर फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी रविन्द्र जाटव पुत्र स्वर्गीय मुसाव जाटव उम्र 30 साल ने दिनेश जाटव के खेत में खडे बबूल के पेड़ पर तौलिया बांधकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### कार ने बाइक में टक्कर मारी, युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी नीरज सेठी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोकनगर-गुना रोड पर टाटा शोरूम के सामने कार क्रमांक एमपी 04 सीआर 8151 के चालक ने अपने वाहन का तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने की 162 लीटर देशी शराब बरामद




अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस ने ईसागढ रोड़ पर श्रीराम बाउंड्रीवाल के अन्दर से सफेद रंग के 9 कटटों में 900 देशी लाल मदिरा के क्वार्टर जिसकी मात्रा 162 लीटर है बरामद किए गई है। इसी प्रकार सेहराई पुलिस ने खिरिया ढाबा निवासी दुर्ग सिंह लोधी के पास से देशी मदिरा के 23 नग बरामद किए हैं। जबकि तौफान सिंह लोधी से 26 नग बरामद किए गए हैं।

---

### कभी होते थे टिकट ब्लैक अब 1 छविगृह ही मनोरंजन का केंद्र, 3 में ताले

# अशोकनगर में नई-नई रिलीज फिल्मों के शौकीनों को मनोरंजन के साधन के 'लाले'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर











इस शहर में न तो घूमने के लिए कोई स्थान है न मनोरंजन के कोई संसाधन है जो कुछ है वह एक मात्र बचा विवेक टॉकीज है जो यहां के लोगों का मनोरंजन कर रहा है। अब तक यहां 3 टॉकीज खुलने के बाद बंद हो चुके हैं। इन टॉकीजों के बंद होने की कहानी भी अशोकनगर के नागरिकों के लिए जानना और समझना जरूरी है।

अशोकनगर शहर में वर्तमान में जो विवेक टॉकीज चल रहा है यह टॉकीज वर्ष 1965 में बना था तब पहली फिल्म गंगा की लहरें फिल्म से इसकी शुरूआत हुई थी। तब से आज तक यह टॉकीज चला आ रहा है। 60 साल का सफर इस टॉकीज ने तय कर लिया है। जिस परिवार के द्वारा इस टॉकीज का संचालन किया जाता है उसकी पूरी देखरेख तत्कालीन रूप से सेठ पुरूषोत्तम दास गुप्ता करते थे। उन्हे फिल्मों से शौक था और उनके इसी प्रेम के कारण अब उनके पुत्र विनीत गुप्ता द्वारा इस टॉकीज का संचालन किया जा रहा है। पहले टॉकीज में अपर क्लास, लेडीस क्लास और बालकनी हुआ करते थे अब बदली हुई परिस्थितियों में यहां बालकनी और अपर क्लास का ही संचालन होता है।

शहर के गांधी चैक के समीप जो टॉकीज रहा है उसे पहले राधू टॉकीज के नाम से जाना जाता था बाद में यह टॉकीज के मालिक ने यह टॉकीज विवेक टॉकीज के मालिकों को किराए पर दे दिया था उसके बाद इस टॉकीज का नामकरण विनीत टॉकीज के रूप में हुआ लेकिन आज टॉकीज बंद है। इस टॉकीज को अगर चलाया जाता तो यह थोड़ी सी मरम्मत के बाद चल सकता था क्योंकि शहर के मध्य में स्थित है। जब यह टॉकीज का अवलोकन किया गया तो यहां आज पर्दे के स्थान पर दुर्गा मईया का फोटो लगा है। जो टॉकीज में कुर्सियां थीं वह आज भी एक तरफा लगीं हैं और यहां हर गुरूवार को बाबा का दरवार लगाया जाता है। यह अब टॉकीज से बाबा का दरवार बन गया है। इससे पहले शहर में एक फटटा टॉकीज भी हुआ करता था जो कि उस समय खूब चला था। यह टॉकीज इन्द्रापार्क से दुर्गाप्रसाद दिनेशकुमार के घर के बाजू में चारों ओर फटटा लगाकर संचालित किया जाता था। कईं सालों तक यह टॉकीज चला यह तब की बात है जब शहर में टॉकीज नहीं हुआ करते थे।

शहर में तब लोगों को बड़े गर्व की अनुभूति हुई थी तब अशोकनगर शहर में भजन सेठ द्वारा एक ही स्थान पर दो टॉकीजों की शुरूआत लक्ष्मी मंदिर और महेश मंदिर के रूप में की गई थी। अविविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन आवकारी मंत्री चरणदास महंत 1995 में इस टॉकीज का लोकार्पण करने आए थे। तब लक्ष्मी मंदिर टॉकीज में सबसे पहली फिल्म रामजाने लगाई गई थी और महेश मंदिर टॉकीज में कुली न. 1 से इस टॉकीज का शुभारंभ हुआ था। यह टॉकीज उस समय शहर में खूब चले। उस समय भले ही शहर से दूर थे लेकिन दर्शकों की कुछ कमी के चलते यह टॉकीज बंद हो गए। 28/10/2022 को इन दो टॉकीजों में से लक्ष्मी मंदिर टॉकीज का शुभारंभ फिर से किया गया। जिसका ठेका इन्दौर के व्यक्ति ने लिया था लेकिन बाद में ठेकेदार ने हाथ खींच लिए और यह टॉकीज भी बंद हो गया। यह दोनों टॉकीज आज भी विदिशा सड़क मार्ग पर हैं और कभी भी टॉकीज के मालिक इन्हे फिर से शुरू कर सकते हैं। लेकिन जब टॉकीज शुरू होगें तब होगें लेकिन आज की तारीख में आपकों विवेक टॉकीज में ही जाना होगा।

---

### हवाई पटटी की भूमि पहले ही तय

# जिले की सभी तहसीलों में स्थाई हेलीपैड बनाए जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन प्रदेश के कईं जिलों में हवाई पटटी का निर्माण करने जा रहा है उसमें अशोकनगर जिला भी शामिल है। आज भी जिला मुख्यालय पर आने वाले लोगों को पड़ौसी जिला गुना में अपनी प्लाइट उतारनी पडती है। जिसे देखते हुए अशोकनगर जिला मुख्यालय पर हवाई पटटी के लिए 87 हेक्टयेर भूमि का चयन किया गया है। यहां पर हवाई पटटी बनाया जाना प्रस्तावित है।

अशोकनगर जिले की तत्कालीन कलेक्टर उमा महेश्वरी द्वारा इस हवाई पटटी के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग अशोकनगर को निर्देश जारी किए गए थे। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के दल ने डगराई भैंसरवास क्षेत्र में 1950 मीटर लम्बी और 450 मीटर चैड़ी भूमि जिसका कुल क्षेत्रफल 87 हेक्टयेर है इसका चयन किया है इसका सर्वे भी हो चुका है। इस हवाई पटटी के निर्माण से अशोकनगर जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले में धार्मिक कार्यों और पर्यटन के लिए आने वाले लोगों को मदद मिल सकेगी। इस हवाई पटटी के निर्माण को लेकर शहर के नागरिकों ने सांसद और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का ध्यान आर्कषण किया है।

इसी तरह जिले की सभी तहसीलों में स्थायी रूप से हेलीपैड बनाए जाने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। जिसके तहत प्रदेश में स्थायी हेलीपैड के लिए भूमि का चयन किया जा रहा है। अशोकनगर जिले में 7 तहसीलें हैं जहां 7 हेलीपैड बनाए जाना है। अशोकनगर में नई मण्डी से लगा जो पुराना टेंचिंग ग्राउन्ड है उस स्थान पर स्थायी हेलीपैड बनाए जाने के लिए भूमि का चयन किया गया है। इसी प्रकार जिले के ईसागढ में पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सहित कईं व्हीआइपी लोग आए थे तब वहां 3 हेलीपैड का निर्माण किया गया था। यह हैलीपैड वहां पहले ही बने हुए हैं। शाढौरा तहसील मुंख्यालय पर कुन्दौरा रोड पर फिल्टर प्लांट के समीप भूमि का चयन किया गया है।

नईसराय में जगह की तलाश की जा रही है। चन्देरी में किला कोठी पर एक पहले ही स्थायी हेलीपैड तैयार है। इसके अलावा भी एक हेलीपैड का निर्माण किया जाना है। पिपरई में कॉलेज के सामने भूमि का चयन किया गया है। इसके अलावा बहादुरपुर तहसील मुख्यालय पर भी भूमि की तलाश की जा रही है।

#### इनका कहना है

जिले की सभी तहसीलों में स्थायी हेलीपैड का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए भूमि का चयन किया जा रहा है। कईं जगह तलाश की गई है। लोक निर्माण विभाग के ग्वालियर से आए चीफ इंजीनियर एसएल सूर्यवंशी भी इस तरह के निर्देश देकर गए हैं जिन पर विभाग काम कर रहा है।

**अशोक गुप्ता** सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग अशोकनगर

---

# 13-14 सितंबर को दिगम्बर जैन महिला महा समिति का राष्ट्रीय अधिवेशन अशोकनगर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दिगम्बर जैन महिला समिति का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन अशोकनगर में 13 और 14 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा जिसकी बडे पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। इस अधिवेशन में देश भर की महिला इकाई भाग लेगीं।

महिला महा समिति की राष्ट्रीय महामंत्री इन्दू गांधी ने बताया कि यह आयोजन अशोकनगर में आयोजित होगा और जैन पंचायत के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन में स्लोगन प्रतियोगिता, बैनर प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता, अष्टद्रव्य थाल सजाओं प्रतियोगिता, का आयोजन होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला जैन डोडंया, कोषाध्यक्ष डॉ. बंदना जैन जयपुर, योगा प्रकोष्ट मंत्री डॉ. ममता जैन पुणे, महिला प्रकोष्ट मंत्री मधु शाह कोटा शामिल रहेगीं। यह सम्पूर्ण आयोजन परम शिरोमणी सरंक्षक सुशीला पाटनी और संरक्षक शांता पाटनी और तारिका पाटनी के सरंक्षण में सम्पन्न होगा।

#### 13 सितम्बर के आयोजन

13 सितम्बर को 3 सत्रों में यह आयोजन होगा, पहले सत्र की शुरूआत ध्वजारोहण से होगी, इसी मौके पर कलश स्थापना, दीप प्रजलन, मंगला चरण और मुख्य वक्ता का उदभोदन तथा मुनिश्री सुधासागर महाराज की मंगल देशना का आयोजन होगा। द्वितीय सत्र में नाटिका प्रस्तुतीकरण, नारी गौरव सम्मान, प्रतियोगिता का अवलोकन, अध्यक्षीय अवलोकन और मुनिश्री की देसना का आयोजन होगा। ततृीय सत्र में रात 8:00 बजे से अंचलों की समितियों द्वारा रिपोर्ट प्रदाय, और भव्य नाटिका का आयोजन होगा।

#### 14 सितम्बर के आयोजन

14 सितम्बर को दो सत्र होगें प्रथम सत्र में सुबह 6:00 बजे से 11:00 बजे तक बैनर प्रस्तुतीकरण,गुरूवर की आगुवानी, चित्र अनावरण, दीप प्रजलन, शास्त्र भेंट, पाद प्रक्षलन, और मुनिश्री की देशना का आयोजन होगा। द्वितीय सत्र में मंगलाचरण, अलंकरण पुरूस्कार समारोह, प्रतिमाधारियों का सम्मान, सभी अंचलों और संभागों के पदाधिकारियों का सम्मान, प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान और राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आभार जताया जाएगा।

---

# कीट के प्रकोप के निरीक्षण और उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अधिकारी द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में फसलों की स्थिति, कीटव्याधि प्रकोप का निरीक्षण एवं नियंत्रण उपाय के संबंध में कृषकों को तकनीकि मार्गदर्शन हेतु विकासखण्ड स्तरीय निगरानी दल का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार अशोकनगर विकासखण्ड के लिए डॉ. बी.एस. गुप्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक अशोकनगर, अशोक कुमार कुशवाह सहायक संचालक कृषि, प्रदीप गर्ग एस.ए.डी.ओ.,डॉ. बैजनाथ यादव बी.टी.एम., चंद्रकांत तिवारी ए.टी.एम,संबंधित क्षेत्र के ए.ई.ओ.सदस्य होगें। विकासखण्ड मुंगावली के लिए डॉ. हेमन्त त्रिवेदी वैज्ञानिक अशोकनगर, प्रदीप गर्ग एस.ए.डी.ओ.,डॉ. बैजनाथ यादव बी.टी.एम., हिमांशु यादव ए.टी.एम.,संबंधित क्षेत्र के ए.ई.ओ. सदस्य होगें। विकासखण्ड चंदेरी के लिए डॉ. व्ही. के. जैन वैज्ञानिक अशोकनगर, रविन्द्र यादव एस.ए.डी.ओ., नरोत्तम शर्मा बी.टी.एम.,संबंधित क्षेत्र के ए.ई.ओ. सदस्य होगें तथा विकाखण्ड ईसागढ़ के लिए डॉ. हेमन्त त्रिवेदी वैज्ञानिक अशोकनगर, मुकेश रघुवंशी एस.ए.डी.ओ., लक्ष्मण शर्मा बी.टी.एम. संबंधित क्षेत्र के ए.ई.ओ. सदस्य होगें। यह दल खरीफ 2025 में फसलों की स्थिति/कीटव्याधि का निरीक्षण एवं नियंत्रण आवश्यकता अनुसार समय-समय पर करेंगे। कृषकों को सुझाव देंगे एवं उनकी समस्याओं का यथोचित निराकरण करेंगे।

---

# कई बार आए कई मुख्यमंत्री पर नहीं किया कोई नया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला मुख्यालय के नागरिक अशोकनगर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तरस गए हैं। न उनके दर्शन होते हैं न उदघाटन और शिलान्यास जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने आते हैं। 34 साल पहले मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुन्दरलाल पटवा महाविद्यालय का उदघाटन करने आए थे उसके बाद से कोई मुख्यमंत्री इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों के रूप में उदघाटन और शिलान्यास के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुआ क्योंकि मुख्यमंत्री जो भी बनते हैं उन्हें हमेशा यह डर सताता है कि अगर अशोकनगर गए तो उनकी कुर्सी जा सकती है इस कारण वह मुख्यमंत्री रहते हुए कभी अशोकनगर नहीं आते।

अशोकनगर में 1991 तक मुख्यमंत्री आते रहे खूब कार्यक्रमों में भाग लिया शिलान्यास और उदघाटन भी हुए। लेकिन उसके बाद से मुख्यमंत्री के यहां आगमन को इस प्रथा से जोड़ दिया गया है कि यहां जो भी मुख्यमत्री आता है वह मुख्यमंत्री के पद पर नहीं रह पाता। सुंदरलाल पटवा मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अशोकनगर आए थे और यहां के छात्र-छात्राओं को कॉलेज समर्पित करके गए थे। 10 साल दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री रहे लेकिन एक भी उदघाटन और शिलान्यास में शामिल होने नहीं आए लेकिन माधवराव सिंधिया के निधन के बाद लोक सभा के उपचुनाव में जरूर दिग्विजय सिंह सिंधिया को लेकर अशोकनगर आए थे लेकिन वह सभा तक सीमित रहे गए थे। उसके बाद दिग्विजय सिंह के 10 साल के शासन का अंत हो गया था। 2003 के बाद 2025 तक जितने भी मुख्यमंत्री बने एक भी अशोकनगर नहीं आए। उमा भारती जब मुख्यमंत्री थीं तब ईसागढ से चली गईं, बाबूलाल गौर मुख्यमंत्री बने लेकिन अशोकनगर नहीं आए, शिवराज सिंह चैहान ने मुख्यमंत्री की लम्बी पारी खेली लेकिन वह अशोकनगर के आसपास मंडराते रहे कहीं शाढौरा पहुंचे तो कहीं राजपुर आए अशोकनगर का किनारा करके चले गए। वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव के चरण अशोकनगर में नहीं पड़े हैं वह भी शायद इसी भ्रांति का शिकार हैं और यहीं कारण है कि वह आंनदपुर धाम, ईसागढ, चंदेरी, करीला कईं जगह आए लेकिन अशोकनगर नहीं आए।

लेकिन मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद दिग्विजय सिंह अशोकनगर में कईं बार आए लेकिन वह मुख्यमंत्री थे तब चुनावी सभा तक रह गए थे। इसी प्रकार कमलनाथ की सरकार जब प्रदेश में आई तब कमलनाथ भी मुख्यमंत्री के रूप में एक भी बार अशोकनगर नहीं आए। लेकिन शिवराज सिंह चैहान मुख्यमंत्री न रहने के बाद विपक्ष के रूप में अशोकनगर आए। अशोकनगर में तमाम भवनों के लोकार्पण हुए, भवनो के शिलान्यास हुए लेकिन कोई मुख्यमंत्री नहीं आया। न कभी सिंधिया मुख्यमंत्री को लेकर अशोकनगर आए। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर जैसे कार्यालय का लोर्कापण भी मुख्यमंत्री के हाथों नहीं हो सका।

---

### केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नईसरायं क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित ग्रामों का दौरा किया

# 'बर्बाद हुई फसल से संकट की घड़ी में सिंधिया परिवार आपके साथ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नईसरायं तहसील के अंतर्गत आने वाले कईं ग्रामों का दौरा किया। प्रभावित किसानों से चर्चा की और कहा कि उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। संकट की इस घड़ी में सिंधिया परिवार आपके साथ है।

इस दौरान उन्होंने तहसील नईसराय के ग्राम अखाईघाट, ग्राम शाजापुर, ग्राम पोरुखेड़ी, ग्राम अमरोड़ सिंगराना पहुंच कर ग्रामीणें से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा उन्हें बुनियादी सुविधाओं, राहत सामग्री और पुनर्वास कार्यों के माध्यम से मदद की जा रही है।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि संकट की घड़ी में मेरे क्षेत्र के लोगों के साथ सिंधिया परिवार का मुखिया हमेशा आपके साथ है। उन्होंने कहा कि संकट का समाधान ज्योतिरादित्य सिंधिया बनकर आयेगा। बाढ़ के समय मैंने जिला प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क बनाकर अतिबर्षा एवं बाढ़ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अतिवर्षा एवं बाढ़ के समय मैं स्वंय कलेक्टर एवं एसपी से संपर्क में रहा। उन्होंने कहा कि सेवाभाव के साथ आपने जो आर्शीवाद प्रदान किया, वही सेवाभाव के साथ आपकी सेवा कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और स्थानीय प्रशासन से सतत संपर्क बनाकर राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन किसानों ने फसल बीमा कराया गया है,उन किसानों को फसल नुकसानी हेतु बीमा की राशि दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि अतिवर्षा एवं बाढ़ के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने प्रशासनिक तरीके से कार्य नही बल्कि अपने परिजनों की तरह आपको बचाने का कार्य किया है।

#### मुख्यमंत्री द्वारा 1 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि प्रभावितों को दी गई

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ से जिले के 2209 लोग प्रभावित हुए थे। जिससे प्रभावितों की विभिन्न क्षतियों जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति हुए। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 01 करोड़ 70 लाख रूपये की राशि प्रभावितों को प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम अखाईघाट के 285 प्रभावितों को 06 लाख 82 हजार रूपये की राशि, शाजापुर के 352 प्रभावितों को 12 लाख 57 हजार 300 रूपये की राशि, पोरूखेडी के 171 प्रभावितों को 06 लाख 40 हजार 500 रूपये की राशि तथा ग्राम अमरोद सिंगराना के 68 प्रभावितों को 02 लाख 81 हजार रूपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

#### प्रभावितों को किया खाद्यान्न सामग्री का वितरण

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा अतिवर्षा एवं बाढ से प्रभावित ग्रामों के भ्रमण के दौरान प्रभावित लोगों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्रसिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह ,कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीतकुमार जैन सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं संबंधित ग्राम के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज देगें अशोकनगर क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु अपनी सांसद निधि से 50 लाख रुपए की लागत से खरीदी गईं 2 एम्बुलेंस को जनता को समर्पित करेंगे, जिसके तहत जिला चिकित्सालय अशोकनगर को 32 लाख रुपए की अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त एम्बुलेंस और सिविल अस्पताल चंदेरी की 18 लाख रुपए मूल्य की बेसिक लाइफ़ स्पोर्ट एंबुलेंस दी जाएगी। वहीं उनके अथक प्रयासों से पथरिया गाँव में हाल ही में प्रारंभ हुए केंद्रीय विद्यालय, जो वर्तमान में डाइट भवन में संचालित है और जहाँ लगभग 200 बच्चे अध्ययनरत हैं, को 2 आरओ प्यूरीफायर, 2 कंप्यूटर सिस्टम, संगीत यंत्र, खेल सामग्री और पुस्तकालय हेतु किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी।

### भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

# 'कांग्रेस में हिम्मत है तो लाड़ली बहनों को बोरी में भरकर दिखाएं'

### उधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व जिपं सदस्य ने भी रखे अपने-अपने पक्ष, सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में जिपं सदस्य द्वारा लाड़ली बहनों के संबंध में दिए गए बयान को लेकर सियासत काफी गर्मा गई है। इस मामले में अब दोनों ही दल आमने-सामने आ चुके हैं।

शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता दुबे, जिला महामंत्री नीलम सक्सेना के नेतृत्व में अनेकों लाड़ली बहनों ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर काफी समय तक प्रदर्शन और नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां और बोरे लेकर पहुंची महिलाओं ने कहा कि 'अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो हम लाड़ली बहनों को बोरे में भरकर दिखाएं। उधर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत गुर्जर ने भी ब्यावरा में प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपाईयों द्वारा उनके बयान को एडिट करके गलत तरह से प्रस्तुत किए जाने का आरोप लगाया।

वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने भी माचलपुर में कई महिलाओं के साथ नायब तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कई लाड़ली बहनों के नाम योजना से हटाने का जिक्र किया। उन्होंने लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लोक-लुभावन वादे को लेकर भाजपा को आड़े हाथों लिया। बहरहाल, जो भी हो लेकिन लाड़ली बहनों के संबंध में दिए गए उक्त बयान ने जिले में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।




#### मंगल भवन से रैली निकालकर कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं महिलाएं

कांग्रेस कार्यालय जाने के पूर्व लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित कई महिलाएं सहित भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंगल भवन में एकत्रित हुईं। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता द्वारा लाड़ली बहनों के बारे में दिए गए बयान की कठोर शब्दों में निंदा की और आने वाले समय में कांग्रेस को सबक सिखाने का संकल्प लिया। जिला महामंत्री नीलम सक्सेना ने कहा कि महिलाओं के प्रति कांग्रेस नेता के इस अपमानजनक बयान की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। लाड़ली बहनें आने वाले समय में अपने साथ हुए अपमान का बदला अवश्य लेंगी। इस अवसर पर जिला मंत्री अनीता वर्मा, कंचन सोनी, अमिता मंडलोई, सुनीता व्यास, अंजुम खान, सबा खान, लाड़कुंवर केलवा, सुनीता विश्वकर्मा, अर्चना आचार्य सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

#### इंका नेता यशवंत गुर्जर ने भी रखा अपना पक्ष, सौंपा ज्ञापन

उधर, कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर जिन पर लाड़ली बहनों को बोरे में भरने जैसा बयान देने के आरोप हैं, उन्होंने अनेकों महिलाओं के साथ पहुंचकर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने लाड़ली बहनों का हमेशा सम्मान किया और सम्मान करता आया हूं। मेरा मकसद वह नहीं था जो बीजेपी के नेता तोड़-मरोड़कर जनता के सामने परोस रहे हैं। मैं तो खुद लाड़ली बहनों की लड़ाई लड़ हूं। सरकार ने लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि 3 हजार रुपए करने की घोषणा की थी जो आज तक नहीं की गई है। नई महिलाओं के नाम योजना में जोड़ने के संबंध में मप्र सरकार ने पोर्टल भी बंद कर दिया है। मेरे साथ जो महिलाएं आई हैं उनका कहना है कि वे सरकार को बोरे में भरेंगी। माता-बहनों को कोई ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा चाहता हूं और मैं सभी माता-बहनों के साथ हूं।

# अपार आईडी एवं आधार संशोधन के लिए कॉलेज में लगा विशेष शिविर

### उच्च शिक्षा विभाग एवं लोक सेवा केंद्र के सहयोग से हुआ आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में शुक्रवार को अपार आईडी एवं आधार में संशोधन हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार तथा लोक सेवा केंद्र राजगढ़ की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना उच्च शिक्षा विभाग व महाविद्यालय की प्राथमिकता है।

इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को तत्काल समाधान उपलब्ध कराते हैं और उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाना, अपार आईडी में मिसमैच सुधार एवं आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराना था। आधार कार्ड संशोधन का कार्य आधार सुपरवाइजर हेमराज गुर्जर एवं आधार ऑपरेटर हरिओम भिलाला के सहयोग से किया गया। उक्त शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता साहू रहीं जिन्होंने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को सूचना प्रेषित कर विद्यार्थियों को इस सुविधा से जोड़ा। इस अवसर पर डॉ. रामगोपाल दांगी, प्रो. प्रकाश अहिरवार, डॉ सुभाष कुमार दांगी तथा अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। शिविर में कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने आधार कार्ड एवं अपार आईडी संबंधी संशोधन करवाएं।

### जिला संयोजक ने बच्चों को बांटे बैग




**राजगढ़।** शासकीय प्राथमिक स्कूल रूघनाथपुरा जनशिक्षा केंद्र कन्या उच्च माध्यमिक खिलचीपुर में शुक्रवार को जिला बेग उपहार योजना मैं कक्षा 1 के बच्चों को आदिवासी कल्याण विभाग की जिला संयोजक निशा जैन द्वारा बैग वितरण किया गया। जिसमें जनशिक्षक रामेश्वर दांगी और प्रधानाध्यापक ममता शर्मा शिक्षक शिवनारायण दांगी एवं निलेश चौरसिया उपस्थित रहे।

### राजगढ़ एसडीएम ने पहुंचाया अस्पताल

## हादसा: बकरी से बचाने के चक्कर में बाइक सवार दंपती घायल



**सारंगपुर।** संडावता मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी अनुसार बाइक से घर जा रहे आत्माराम पिता भंवर लाल तथा उनकी पत्नी संजू बाई पति आत्माराम धाकड़ के सामने अचानक बकरी आ गई। बकरी को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसी दौरान मौके से गुजर रहीं राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत अपना शासकीय वाहन रुकवाया। उन्होंने न केवल घायलों की हालत जानी बल्कि तत्काल अपने वाहन में बैठाकर उन्हें सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चैहान अपनी टीम के साथ पहले से मौजूद थे,जिसमें डॉ नयन नागर ने तुरंत घायलों का उपचार प्रारंभ किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि एसडीएम भारद्वाज की संवेदनशीलता व त्वरित निर्णय से बड़ी अनहोनी टल गई और घायलों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल पाया।

बच्चों के साथ अधिकारियों ने किया संवाद, भोजन भी परखा

## जिले की शालाओं में पढ़ने की आदत विकसित करने रीडिंग कैंपेन शुरू

### स्कूल प्रबंधक मध्यान भोजन संचालक को हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान 2025 के अंतर्गत अप्रैल माह से ही शालाओं में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों की पठन क्षमता और पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय पुस्तकालय की सक्रियता एवं नियमित संचालन पर जोर दिया जा रहा है।

आगामी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की तैयारी के तहत जिले की शालाओं में रीडिंग कैंपेन का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत कहानी सुनाओ पहल चलाई जा रही है, जिसके तहत विद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकों में से चयनित पुस्तक का वाचन या कहानी वाचन बच्चों के साथ किया इसके लिए प्रत्येक शाला में एक-एक लोकसेवक को नामित किया गया है। नामित लोकसेवक अपनी आवंटित शालाओं में 22 अगस्त 2025 को पहुँचकर पुस्तकालय रीडिंग कॉर्नर का अवलोकन किया तथा पुस्तकालय संचालन हेतु आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही वे बच्चों के साथ पुस्तक वाचनध्कहानी वाचन कर अभियान को गति प्रदान की, इस अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालय बलोड़ी में एसडीएम रोहित बम्होरे एसडीओपी अरविंद सिंह ने पहुंच कर स्कूली बच्चों से संवाद किया और मध्यान भोजन भी परखा। इस दौरान बीआरसी बीएल वर्मा, को निर्देश दिए कि स्कूल प्रबंधक एवं मध्यान भोजन संचालक को हटाने की कार्यवाही की।

## महिलाओं को साथ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**माचलपुर।** ब्लॉक वा नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीदार रामनिवास धाकड़ को सौंपा। जिसमें लाड़ली बहना योजना में की बिना किसी जांच पड़ताल पात्र बहिनों को वंचित रखा व जुड़े नमो में काट छाट कर लाडली बाहनाओ को वंचित रखा हुआ है। साथ सरकार ने चुनाव के समय 3 रुपए माह देने का वादा किया था दो वर्ष होने के बाद भी उक्त राशि नहीं देकर लाडली बहिनों के साथ छलावा किया जा रहा है अगर उक्त घोषणा अनुसार नहीं बढ़ाई जाती तो बहनों के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह ने कहा कि कांग्रेस नारी सम्मान में हमेशा आगे रही पहली महिला प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति,लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस ने बनाई थी आज केंद्र भाजपा सरकार के रहते मणिपुर में महिलाओं की क्या दुर्गति हो रही ये पूरा देश देख रहा।

## माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के तत्वाधान में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आजीविका मिशन सभा गृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं घर-घर मिट्टी के गणेश की स्थापना को बढ़ावा देना। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा मां भारतीय के चित्र पर मालार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया, प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समितियों के सदस्य छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने कहा कि मिट्टी गणेश प्रतिमाएँ विसर्जन के बाद प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाती हैं, जिससे प्रदूषण नहीं होता। वहीं प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी.) की मूर्तियाँ पानी में घुलती नहीं हैं, जिससे जल प्रदूषण फैलता है और जलीय जीवों को नुकसान होता है। श्री व्यास ने प्रतिभागियों को मिट्टी प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया भी समझाई।

### राणी सती दादी का उत्सव मनाया जा रहा धूमधाम से

**माचलपुर।** नगर में राणी सती का दो दिवसीय उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खरेशवाला परिवार द्वारा बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम डेली पूजा उपरांत भोलाराम मंदिर से राणी सती दादी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमे बैंडबाजो की धुन पर राणी सती की दादी की आकर्षक पालकी युवा अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे ये यात्रा नगर के मुख्यमार्गो से होकर निकली जिस पर नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा उत्सव स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां दादी का अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए फिर सकरा भोग एवं आरती हुई दादी का मंगला चरण, झाबर झोल्या भोग दर्शन तथा जागरण वा भजन संध्या आयोजित हुई जिसमे उपस्थित भक्तों द्वारा पुरी रात्रि राणी सती दादी के भजनों की प्रस्तुति दी।

## नरसिंहगढ़ में डिजिटल बारकोड डोर नंबर प्लेट अभियान शुरू




**नरसिंहगढ़।** शुक्रवार को नपा ने नगरीय क्षेत्र के सभी भवनों, दुकानों और होटलों पर डिजिटल बारकोड युक्त डोर नंबर प्लेट लगाने का अभियान शुरू किया है। सम्बंधित एजेंसी के साथ नपा की सर्वे टीम प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाकर प्लेट लगाने कार्य करेगी। इस सम्बंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि यह प्लेट विशेष रूप से बारकोड युक्त होगी। इसके माध्यम से संबंधित परिवारध्भवन की समस्त जानकारी डिजिटल रिकॉर्ड में उपलब्ध रहेगी और भविष्य में नगर पालिका कर भी सीधे इसी बारकोड से जमा किए जा सकेंगे। प्रत्येक भवन, दुकान एवं होटल के लिए 120 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। नपा का कहना है कि आगे चलकर सभी सेवाएं इसी बारकोड डोर प्लेट से जुड़ेंगी। इसलिए नागरिक अनिवार्य रूप से प्लेट लगवाएं।

## सारंगपुर नपा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अव्वल




**सारंगपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे के नेतृत्व में सारंगपुर नगर पालिका ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर एक बार फिर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार, आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई विभिन्न प्रकार की शिकायतोंकृजिनमें जल प्रदाय संबंधी 01, राजस्व संबंधी 02, स्वच्छता संबंधी 04, प्रकाश व्यवस्था संबंधी 02, प्रधानमंत्री आवास से जुड़ी 06, निर्माण संबंधी 01 तथा स्थापना संबंधी 02 शिकायतें शामिल थींकृका समय पर और संतोषजनक समाधान कराया गया। सीएम हेल्पलाइन डैशबोर्ड पर जारी जुलाई 2025 की ग्रेडिंग में नगर पालिका परिषद सारंगपुर को 100 प्रतिशत रेटिंग प्राप्त हुई, जिससे नगर पालिका ने पुनः जिले में अव्वल स्थान हासिल किया। सीएमओ सुनहरे ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं और नगर पालिका द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सुगमता से आमजन तक पहुँचाना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही यह भी कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण करने के लिए शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क स्थापित किया जाए।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों को वितरित की पुस्तकें, पैंसिल, कवर रोल



**राजगढ़।** विनायक शिक्षा एवं संस्कृति प्रचार समिति अनवरत रूप से समाज में शिक्षा की अलख जगाने सहित अन्य सामाजिक कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में समिति के अध्यक्ष एवं केरियर कान्वेंट स्कूल के संचालक राकेश पांडे ने अपने पिताजी स्वर्गीय एमके पांडे की पुण्यतिथि पर शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापगंज एवं प्राथमिक विद्यालय कराड़िया पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को सुंदर लेखन अभ्यास हेतु गिनती लेखन, स्वर लेखन, व्यंजन लेखन, कर्सिव इंग्लिश लेखन की पुस्तिकाएं वितरित की। इसके साथ ही बच्चों को पैंसिल एवं कवर रोल भी वितरित किए गए। बच्चों को सुंदर लेखन के तरीकों के साथ उसके महत्व तथा आवश्यकता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्थाओं के शिक्षक श्रृष्टि पांडे, ऊषा हाड़ा, गंगा सौंधिया, नरेंद्र जाधव, सीमा सोनी, मनोज पुष्पद, मुकेश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे। स्टाफ सदस्यों ने संस्था का आभार भी व्यक्त किया।

### रीडिंग कैम्पेन अभियान में पहुंचीं खिलचीपुर एसडीएम



**राजगढ़।** शासकीय प्राथमिक स्कूल रूघनाथपुरा जनशिक्षा केंद्र कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय खिलचीपुर स्कूल चलें अभियान 2025 के अंतर्गत बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम के आयोजन में रीडिंग कैम्पेन के लिए कहानी सुनाओ अभियान पहल के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर अंकिता जैन ने विद्यालय में उपस्थित होकर कहानी सुनाई जिसमें खिलचीपुर बीआरसी नौशाद अली खान, अनुपम फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश दाँगी, प्रधानाध्यापक ममता शर्मा, शिक्षक शिवनारायण दाँगी एवं निलेश चैरसिया और ग्रामीण,विद्यार्थीयो के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# गांव तो डूब गया 'साहब' बच्चों का भविष्य ही बचा लीजिए, स्कूल बिल्डिंग का फंड मौजूद बस जगह नहीं

### सरकारी जमीनों पर लोगों से जमा रखा है कब्जा, बीईओ बोले - जमीन मिल जाए तो पैसे की कोई दिक्कत नहीं
### वर्तमान में निजी बिल्डिंग में स्कूल लगाने को मजबूर हैं शिक्षक, प्रशासन चाहे तो निकल सकता है समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

दूधी गांव तो मोहनपुरा डेम के भराव में डूब गया और उसका मुआवजा भी संबंधित ग्रामवासियों को मिल गया। इसी के साथ ही दूधी में मासूम बच्चों का प्राथमिक स्कल भी डूब गया।

हालात यह है कि पिछले कई सालों से निजी बिल्डिंग में बच्चों का भविष्य संवारने में लगे है शिक्षक परंतु यह सिर्फ एक बैकल्पिक व्यवस्था का हिस्सा है न ही तो बच्चों को समय पर मिड डे मील मिल रहा है और न ही खेल कूद के लिए उचित स्थान जहां पर गाय- भैंस बांधी जाती है ठीक उसके पास ही बच्चों को पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों और अविभावकों को इंतजार है कि जब उनके नौनिहाल भी आगे बढ़ेंगे और प्रशासन इसमें उनकी मदद करें।

#### डूब के बाद बची जमीन पर कर रखा है ग्रामीणों ने कब्जा

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमारे पास स्कूल के लिए फंड मौजूद है बस जगह की कमी है। हमने कोशिश की परंतु सराकारी जमीन पर लोगों का कब्जा है ऐसे में स्कूल के लिए ही जगह मिलना मुश्किल हो रहा है। यदि राजस्व को ग्रामीण मदद करें तो हम स्कूल बनाने के लिए तैयार है। जिसिसे बच्चों का भविष्य संवारा जाए। पिछले कई सालों से हम बिल्डिंग के लिए जमीन की मांग कर रहे है।

#### 200 बीघा सरकारी जमीन फिर भी नहीं बन पर रहा स्कूल

ग्रामीणों का कहना है कि डूब के बाद भी 200 बीघा



सरकारी जमीन है लेकिन फिर भी न ही आंगनबाडी भवन और न ही प्राथमिक स्कूल ही बन पा रहा। वहीं दूसरी तरफ बहुत बड़ा राधा स्वामी आश्रम बना है, जहां सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन दबा रखी है। आश्रम में भी स्कूल लगाने की गुहार लगाई लेकिन जगह नहीं दी गई है। ग्रामवासियों में नवल सिंह गूदेन, जंगल सिंह, कुणाल गूदेन आदि का कहना है कि हमने कई बार एसडीएम,सीईओं बीईओ को लिखित में आवेदन दिए परंतु अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया है।

#### इनका कहना है...

ग्राम दूधी के ग्रामीणों ने शाला भवन के लिए आवेदन दिया है। तहसीलदार से जांच रिपोर्ट मंगवाई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तत्काल उचित कार्रवाई की जाएगी।

**गीतांजलि शर्मा, एसडीएम ब्यावरा**

हमारे पास स्कूल निर्माण के लिए फंड की कोई परेशानी नहीं है। यदि जमीन मिल जाए तो हम स्कूल निर्माण के लिए तैयार हैं।

**दिलीप शर्मा, बीईओ ब्यावरा**